VELTASSA लेने संबंधी एक त्वरित मार्गदर्शिका

VELTASSA को सुझाए गए नुस्खे के अनुसार लेने के तरीके के बारे में एक रिमाइंडर के रूप में इस मार्गदर्शिका को पास रखें।

Veltassa® (patiromer) for oral suspension 8.4g | 16.8g | 25.2g

VELTASSA कैसे काम करती है—और कैसे यह मदद करती है

95%

एक नैदानिक अध्ययन में, VELTASSA **लेने वाले 95% लोग** अपने पोटैशियम लेवल को घटाने और लंबे समय तक उन्हें सामान्य (3.8 से <5.1 mEq/L तक) रख पाने में सफल रहे।

VELTASSA आपके खून में पोटैशियम के ऊंचे स्तर (हाइपरकलीमिया) के उपचार में उपयोग की जाने वाली एक नुस्खे वाली दवा है। VELTASSA अतिरिक्त पोटैशियम को आपकी बड़ी आंत में बांध करके इसे आपके शरीर से निकाल देती है। VELTASSA शरीर द्वारा अवशोषित नहीं होती है। यह पता नहीं है कि क्या VELTASSA बच्चों के लिए सुरक्षित और प्रभावी है।

VELTASSA को कैसे लें

- VELTASSA को दिन में एक बार खाने के साथ या इसके बिना लिया जाता है
- VELTASSA एक बार में उपयोग वाले ऐसे पैकेटों में आती है जिन्हें आप पानी में मिलाते हैं।
- VELTASSA को ठीक वैसे ही लें जैसे कि आपके डॉक्टर ने सुझाव दिया है। आपका डॉक्टर VELTASSA से उपचार के दौरान आपके पोटैशियम लेवल की जांच करेगा और जरूरत पड़ने पर आपकी खुराक में बदलाव करेगा।
- एक अध्ययन में, ज्यादातर लोगों ने पाया कि VELTASSA में कोई स्वाद या गंध नहीं है।

VELTASSA को मुंह से ली जाने वाली कोई अन्य दवा लेने के कम से कम **3 घंटे पहले** या कम से कम **3 घंटे बाद** न लें

VELTASSA धूमिल सफेद से लेकर हल्के भूरे रंग का पाउडर होता है। पानी में मिलाए जाने पर रंग में भिन्नता हो सकती है।

✓ करें

- VELTASSA की प्रत्येक खुराक अलग-अलग तैयार करें
- उस आहार (डाइट) का पालन करें जिसका सुझाव आपके डॉक्टर ने आपके लिए दिया है
- VELTASSA को सिर्फ पानी में मिलाएं

✗ न करें

- वह **VELTASSA न लें** जिसे पानी में मिलाया न गया हो
- **VELTASSA** को गर्म, माइक्रोवेव **न करें** और न ही गर्म खाद्य अथवा तरल पदार्थों में मिलाएं
- **VELTASSA** को किसी ब्लेंडर में मिक्स **न करें**

आपको VELTASSA को वैसे ही लेना चाहिए जैसे कि आपके डॉक्टर ने सुझाव दिया है। अपने डॉक्टर से बात कर लेने तक VELTASSA को लेना बंद न करें।

महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी

VELTASSA किसे नहीं लेना चाहिए?
उस सूरत में VELTASSA न लें यदि आपको VELTASSA या इसके किसी भी घटकों को लेकर एलर्जी हो।

VELTASSA लेने से पहले मुझे अपने डॉक्टर को क्या बताना चाहिए?
VELTASSA लेने से पहले, अपने डॉक्टर को अपनी सभी रोगदशाओं के बारे में बताएं, जिनमें शामिल है यदि आपको:

- मल त्याग करने में परेशानी हो, जिसमें गंभीर कब्ज की समस्या शामिल है, मल त्याग करने में रुकावट (अवरोध),या सूखा कड़ा मल जो कि आपके मल द्वार से बाहर नहीं निकल सके (जोर लगाना)
- आंतों की सर्जरी के बाद आपको मल-त्याग में परेशानी है

कृपया अतिरिक्त महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी अगले पृष्ठ पर देखें।
कृपया पूर्ण नुस्खे संबंधी जानकारी के लिए यहां क्लिक करें या फिर www.veltassa.com/pi.pdf **पर जाएं**

VELTASSA को कैसे तैयार करें

Veltassa (patiromer) for oral suspension
8.4g | 16.8g | 25.2g

मिलाएं

एक नापने वाले कप से 1/3 कप पानी मापें। उसमें से आधा पानी एक खाली साफ गिलास में उड़ेलें। VELTASSA पैकेट की सारी सामग्री पीने के पानी वाले गिलास में उड़ेलें।* मिश्रण को अच्छी तरह से हिलाएं।

*आपको अपनी निर्धारित खुराक के लिए VELTASSA के 1 पैकेट से अधिक की आवश्यकता हो सकती है। अपने डॉक्टर द्वारा बताए गए खुराक के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

VELTASSA खुराक तैयारी **के लिए पानी की** न्यूनतम संस्तुत मात्रा **1/3 कप (लगभग 3 आउंस) है।**†

† सभी खुराकों के लिए पानी की निर्दिष्ट शुरुआती मात्रा 1/3 कप का आधा है। पानी की शुरुआती मात्रा में पाउडर घोलने के बाद बचा हुआ पानी उसमें डाला जाना चाहिए।

डालें

नापने वाले कप से बाकी बचा हुआ पानी मिश्रण वाले पीने के गिलास में उड़ेलें। मिश्रण को अच्छी तरह से हिलाएं। पाउडर नहीं घुलेगा और मिश्रण बादलों जैसा दिखेगा। यदि मिश्रण बहुत गाढ़ा है, तो आप और पानी डाल सकते हैं।

पिएं

मिश्रण को तुरंत पिएं। यदि पीने के बाद गिलास में कोई पाउडर बचे, तो और पानी डालें, मिश्रण को हिलाएं, और बचे हुए मिश्रण को तुरंत पिएं। यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार दोहराएं कि आपने VELTASSA की अपनी पूरी खुराक ले ली है।

महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी (जारी)

VELTASSA **लेने से पहले मुझे अपने डॉक्टर को क्या बताना चाहिए? (जारी)**

अपने द्वारा ली जाने वाली दवाओं को जानें। जब आप कोई नई दवा प्राप्त करते हैं तो अपने डॉक्टर और फार्मासिस्ट को दिखाने के लिए उनकी एक सूची रखें। **आपके द्वारा ली जाने वाली सभी दवाओं के बारे में अपने डॉक्टर को बताएं,**पर्चे के नुस्खे वाली (प्रिस्क्रिप्शन) और बिना पर्चे के दुकान से खरीदी जाने वाली (ओवर-द-काउंटर) दवाओं, विटामिन और हर्बल सप्लीमेंट सहित।

VELTASSA **के संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं?**

VELTASSA गंभीर दुष्प्रभाव पैदा कर सकती है, जिसमें शामिल हैं:

- **आपके खून में मैग्नीशियम का लो लेवल (हायपोमैग्नेसेमिया).** खून में मैग्नीशियम का स्तर कम हो सकता है जब आप VELTASSA लेते हैं। आपका डॉक्टर VELTASSA के साथ उपचार के दौरान आपके खून में मैग्नीशियम लेवल की जांच करेगा और एक मैग्नीशियम पूरक का सुझाव दे सकता है।

VELTASSA के सबसे आम दुष्प्रभावों में शामिल हैं: कब्ज, मैग्नीशियम का कम स्तर, दस्त, मिचली, पेट में परेशानी और गैस।

यदि आप में कोई ऐसा दुष्प्रभाव है जो आपको परेशान करता है या ठीक नहीं होता, तो अपने डॉक्टर को बताएं। ये VELTASSA के सभी संभावित दुष्प्रभाव (साइड इफेक्ट) नहीं हैं। आप दुष्प्रभावों की सूचना 1-800-FDA-1088 पर FDA को दे सकते हैं।

यहां उपलब्ध कराई गई खतरे संबंधी जानकारी व्यापक नहीं है और अपनी रोगदशा या उपचार के बारे में अपने डॉक्टर से बात करने का विकल्प नहीं है। VELTASSA के बारे में और अधिक जानने के लिए,अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या फार्मासिस्ट से बात करें।

कृपया पूर्ण नुस्खे संबंधी जानकारी के लिए यहां क्लिक करें या फिर www.veltassa.com/pi.pdf **पर जाएं**

relypsa
A Vifor Pharma Group Company

PP-US-VEL-01263. ©2019 Relypsa, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित।
सभी लोगो, ट्रेडमार्क और सेवा संबंधी चिह्न Relypsa, Inc. की संपत्ति हैं।

और अधिक जानें VELTASSA.com पर।